प्रादेशिक समाचार

17.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना कल होगी जारी, 43 सीटों के लिए प्रत्याशी 25 अक्तूबर तक दाखिल कर सकेंगे नामांकन पत्र।

2. इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर रांची में कल होगी बैठक, राजद नेता तेजस्वी यादव भी होंगे शामिल, 19 अक्तूबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी भी आयेंगे रांची।

3. भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची शीघ्र हो सकती है जारी, 19 अक्तूबर के बाद होगी झामुमो और कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा।

4. केन्द्र सरकार ने ट्रेनों में अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा को 120 दिन से घटाकर 60 दिन करने का किया फैसला, नया नियम अगले महीने की एक तारीख से होगा लागू।

5. बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण कल तक रांची, खूंटी, लोहरदगा समेत कोल्हान और संथाल के जिलों में बारिश का पूर्वानुमान, मौसम विभाग ने वज्रपात की चेतावनी भी जारी की।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना कल जारी होगी। इसके साथ ही पहले चरण की 43 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरु हो जायेगी जो 25 अक्तूबर तक जारी रहेगी। 28 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 30 अक्तूबर को प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज पत्रकारों को बताया कि नामांकन की प्रक्रिया दिन के 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक चलेगी।

***************

इधर, इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के मुद्दे को लेकर कल रांची में एक बैठक होगी। बैठक में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और राजद नेता तेजस्वी यादव के अलावा वामदल के भी कई नेता शामिल होंगे। आज रांची पहुंचे कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पत्रकारों को बताया कि सीट बंटवारे में कोई पेंच नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्याशियों की सूची 19 अक्तूबर के बाद जारी होगी। गुलाम अहमद मीर ने कहा कि परसों राहुल गांधी रांची आयेंगे।

***************

भाजपा शीघ्र अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इस सूची में करीब 40 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा किये जाने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक लोक जनशक्ति पार्टी– रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान से बातचीत के बाद ही एनडीए घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग के फार्मूले को अंतिम रुप दिया जायेगा और इसके बाद ही भाजपा द्वारा पहली सूची जारी किये जाने की संभावना है।

***************

इस बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने ईचागढ़ विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी को ही टिकट देने की मांग की है। इस सिलसिले में आज कोल्हान क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे और पार्टी नेताओं को अपनी भावना से अवगत कराया। पार्टी के युवा नेता अंकुर सिंह ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा सीट पारंपरिक रुप से भाजपा की रही है और किसी भी हालत में यह सीट किसी दूसरे दल को नहीं दिया जाना चाहिए। इस मसले पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गठबंधन धर्म का निर्वहन करने में किसी न किसी को त्याग करना ही पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं से आलाकमान को अवगत करा दिया जायेगा।

***************

राज्य में चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पूरे राज्य में राजनीतिक दलों के होर्डिंग, पोस्टर और बैनर हटाने का काम शुरू हो गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप नगर निगम अधिकारियों को नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। इस बीच, सांसद और विधायक के स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत फंड जारी करने पर भी रोक लगा दी गई है।

***************

विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग ने पहल तेज कर दी है। राज्य भर में मतदाता जागरुकता को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में कल रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में आर्ट 81 कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में 81 नामचीन कलाकार शामिल होंगे।

***************

उधर, लोहरदगा जिले में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत बैलून फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डा. वाघमारे प्रसाद कृष्णा और पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा भी शामिल हुए। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरुर करें।

***************

गोड्डा जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। जिले की सभी तीन विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे।

***************

केन्द्र सरकार ने ट्रेनों में अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा को 120 दिन से घटाकर 60 दिन करने का फैसला किया है। रेल मंत्रालय ने एक सर्कुलर में कहा कि नया नियम अगले महीने की 1 तारीख से लागू होगा। हालांकि, इस साल 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। मंत्रालय ने कहा कि विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिन की सीमा के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा।

***************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला समेत कोल्हान और संथाल के जिलों में आज और कल गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बारिश के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है और लोगों को सतर्क रहने को कहा है।

***************

आईएसएसएफ निशानेबाजी के विश्व कप के फाइनल में भारत के विवान कपूर ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया है। इससे पहले अनंत जीत सिंह ने नई दिल्ली में स्कीट फाइनल शॉटगन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। अनंतजीत ने तीसरे स्थान को हासिल करने के लिए 50 में से 43 निशाने लगाए।

********समाप्त********